XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

जिला – छतरपुर

प्रकरण कमांक निग0 3994–एक / 14

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों अ के हस्ताक्षर
13–3–15	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी राजस्व निरीक्षक मंडल, छतरपुर के प्र0क0 13 / अ–12 / 13–14 में पारित आदेश दिनां 24–2–14 के विरूद्ध इस न्यायालय में दिनांक 20.11.14 को अर्थात 6 माह से अधिक विलंब से पेश की गई है । निगरानी के साथ अवधि विधान की धारा 5 के आवेदन में यह कहा गया कि उसकी बिना जानकारी के सीमांकन अनावेदक द्वारा कराया गया है किंतु इस संबंध में कोई प्रमाण जैसे सीमांकन प्रकरण में जारी किए गए सूचनापत्र आदि की प्रति पेश नहीं किया है । विलंब के संबंध में जो कारण बताये गये हैं वे प्रथमदृष्टया समाधानकारक प्रतीत नहीं होते हैं । परिणामतः यह निगरानी अवधि बाह्य होने से अग्राह्य की जाती है । आदेश की प्रति अधीनस्थ न्यायालय को भेजी जाये । आवेदक सूचित हों । सदस्य	

न्यायालय श्रीमान राजस्व मण्डल ग्वालियर मध्य प्रदेश

निगरानीप्रकरण क्रमांक R. 3994/I-14 सन 2014

मैयादीन तनय श्रीदलुआ अहिरवार

नि0 राधेपुर तह0 व जिला छतरपुर म.प्र. --- -- निगरानीकर्ता

बनाम

1- रतीराम तनय श्री भरोसा अहिरवार

नि0 राधेपुर तह0 व जिला छतरपुर मध्य प्रदेश

---- अनावेदकगण

2- शासन मध्य प्रदेश ---

कार्यालय कलेक्टर जिला छतरपुर म.प्र. प्रस्तुतकर्ता का नाम कुलजकाण्ठे द्वारा ... शाखा का नाम ... दिनांक 20/1/14

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 50 म.प्र भू रासं. निगरानी राजस्व निरीक्षक मण्डल छतरपुर म.प्र. द्वारा प्र. क्रं. 13/अ-12/13-14 आदेश दिनांक 24/2/2014 से विदित होकर ।

महोदय,

निगरानीकर्ता निम्नलिखित सादर निगरानी प्रस्तुत करता है :-

क्रमांक 3807 रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा आज दिनांक ... को प्रस्तुत

1- यह कि निगरानी कर्ता ग्राम राधेपुर तहसील व जिला छतरपुर मध्य प्रदेश का मूल निवासी है ।

क्लर्क ... राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

2- यह कि भूमि खसरा नम्बर 507,508,509, रकवा क्रमाश:0,445, 0,235,1.036 हेक्टे. स्थित मौजा ग्राम बरकोहा तहसील व जिला छतरपुर म.प्र. का सीमांकन कराये जाने हेतु तहसीलदार महोदय, छतरपुर के न्यायालय में धारा 129 म.प्र. भू रा. सं. के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। जिसका प्रकरण क्रमांक 13/अ-12/13-14 था, तथा उक्तसीमांकन की कार्यवाही सरहददी कास्तकारो को बिना सूचना दिये तथा विहित प्रक्रिया अपने बिना ही अनावेदक कीभूमि का सीमांकन कर राजस्व निरीक्षक महोदय छतरपुर द्वारा दिनांक 24-2-2014 को सीमांकन आदेश पारित किया गय जिसमें दुखित होकर निगरानीकर्ता उपरोक्त निगरानी प्रस्तुत कर रहा है ।

नि० मैयादीन

-: निगरानी के आधार :-